
www.amritvichar.com

सुविचार



जिस देश की संस्कृति जितनी सुदृढ़ होगी, वह राष्ट्र अपने पूर्ण रूप में उतना ही शक्तिशाली होगा। - श्यामा प्रसाद मुखर्जी


# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार


- पापा के सितम... बच्चे की जुबां से फूटे मम्मी की हत्या के गम-II
- खेत खलिहान से बेटियों की उड़ान, जीत लेंगी सारा जहान-III
- अनुपस्थित कर्मियों पर कराएं रिपोर्ट - IV


## सिटी ब्रीफ

### 100 श्वानों को नि:शुल्क लगेंगे एंटी-रेबीज टीके

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशु कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान रेफरल वेटनरी पॉलीक्लीनिक में सुबह 9 :30 से 12 बजे तक 100 श्वानों को नि :शुल्क एंटी–रेबीज टीका लगाया जाएगा। कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। रेफरल पॉलीक्लीनिक के प्रभारी डॉ. अभिजीत पावडे ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता को बढ़ावा देना है।

### खरीफ के बीजों के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** खरीफ सीजन के लिए कृषि विभाग ने बीज वितरण की तैयारी शुरू कर दी है। उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडे ने बताया कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बीज, संकर बीज और मिनीकिट प्राप्त करने के इच्छुक किसान 22 अप्रैल से 10 मई तक विभागीय वेबसाइट agriculture.up.gov.in पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### एजुकेशन विभाग को मिला नया विभागाध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में डॉ. संदीप कुमार, सह आचार्य, को फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति 23 अप्रैल से प्रभावी होगी और यह कार्यकाल तीन वर्ष या सेवानिवृत्ति, जो भी पहले हो, तक रहेगा। इस संबंध में कुलसचिव द्वारा औपचारिक आदेश जारी कर दिया गया है।

## शहर में आज

- कलैक्ट्रेट सभागार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक शाम 4 बजे
- कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के उपरान्त उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की प्रेसवार्ता शाम 5 बजे
- उर्स ए ताजुश्शरिया पर परचम कुशाई का जुलूस मिलन शादी हाल शाहबाद कोहाड़ापीर से शाम 5 :30 बजे



## बेटियां हमारा गर्व

हर बार नए उजाले में चमकती हैं बेटियां, चहकती हैं, महकती हैं और बाधाओं के बैरियर पार कर बार-बार नई उड़ान भरती हैं बेटियां, चमकते शहरों की चर्चा से आगे खेत-खलिहानों से भी उड़कर आसमान छूती हैं बेटियां...। बरेली की बेटियों ने फिर इतिहास बनाया है। यूपी बोर्ड परीक्षा में एक-दो नहीं, किसान-कामगार परिवारों की 10 बच्चियों ने स्टेट टॉपर्स की सूची में जगह बनाकर कॉलेज और गांव का ही नहीं, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। सामान्य ग्राम्य जीवन से आने वालीं टॉपर नंदिनी गुप्ता, सुरभि यादव, खुशी मौर्या, सिमरन मौर्या, चमन जहां, रश्मि, रजनी सिंह, शिवानी, गुलशन यादव और वैष्णवी गुप्ता ने डॉक्टर बनकर समाज के दर्द दूर करने की ठानी है। ये हर एक लाड़ली की लगन, मेहनत और सफलता की नायाब कहानी है। हर पिता के सपने, हर मां के अरमान, देखते जाना मेधावी बेटियों की उड़ान...।

## जश्न तो बनता है



सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज खेड़ा में शानदार रिजल्ट पर जश्न मनाती टॉपर छात्राएं। ● अमृत विचार

# गुस्साए किसानों ने बंद किए रास्ते, रिंग रोड का काम रोका

## सीबीगंज के गांव पस्तोर में निर्माण स्थल पर कई ट्रैक्टर लगाकर खड़े किए अवरोध, इंजन से सड़क पर भरा पानी

- बोले- जब तक नहीं मिलेगी मुआवजे की रकम, एक इंच भी आगे नहीं बढ़ेगी मशीनरी
- केवल 20 प्रतिशत किसानों को मिला भुगतान, 80 फीसदी दफ्तरों के काट रहे चक्कर

कार्यालय संवाददाता, बरेली/सीबीगंज



रिंग रोड निर्माण स्थल पर धरने पर बैठे बड़ी संख्या में किसान। ● अमृत विचार



किसानों ने इंजन चलाकर सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुआवजे की मांग को लेकर सीबीगंज क्षेत्र के पस्तोर गांव के पास रिंग रोड निर्माण स्थल पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। दिल्ली, बदायूं और लखनऊ रोड को जोड़ने वाले 29 किलोमीटर लंबे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का काम किसानों ने पूरी तरह रुकवा दिया। गुस्साए किसानों ने निर्माण स्थल पर इंजन से पानी भर दिया, बल्कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों कोखड़ा कर रास्ते को ब्लॉक कर दिया। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी जमीन का पाई-पाई भुगतान नहीं हो जाता, तब तक एनएचएआई को एक इंच जमीन पर भी काम नहीं करने दिया जाएगा।

धरने पर बैठे पस्तोर निवासी किसान और नगर निगम के नामित पार्षद ज्ञानप्रकाश लोधी ने बताया कि प्रशासन ने रोड डालना तो शुरू कर दिया, लेकिन मुआवजे के नाम पर किसानों कोकेवल आश्वासन दिए हैं। किसान अंगन लाल ने कहा कि उनकी चार बीघा जमीन हाईवे में चली गई है, लेकिन घर में पैसा नहीं आया। वहीं किसान केदार और रेवाराम ने भी आरोप लगाया कि ले छह महीने से उन्हें गुमराह किया जा रहा है। किसानों का दावा है कि करीब 20 गांवों की जमीन इस प्रोजेक्ट में अधिग्रहित हुई है, लेकिन अभी तक मात्र 20 प्रतिशत लोगों को ही मुआवजा मिल सका है।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही भाजपा नेता एड. अनिल कुमार भी मौके पर पहुंचे और किसानों का समर्थन किया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। इधर, किसानों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही खातों में धनराशि नहीं भेजी, तो यह सांकेतिक धरना एक उग्र आंदोलन में बदल जाएगा। फिलहाल, निर्माण कार्य पूरी तरह ठप है और किसानों का साफ कहना है कि जब तक मुआवजा नहीं तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## आठ गांव में भूमि पर कब्जा न मिलने से एनएचएआई सख्त

- एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने एसएलएओ को भेजी सभी गांवों की सूची

**बरेली, अमृत विचार :** रिंग रोड के निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कड़ा रुख अपनाया है। परियोजना निदेशक नवरत्न ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (एसएलएओ) को पत्र लिखकर आठ गांवों की भूमि पर कब्जा दिलाने का अनुरोध किया है। इन क्षेत्रों में भूमि पर कब्जा न मिल पाने के कारण ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की कनेक्टिविटी प्रभावित हो रही है, जिससे निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी हो रही है। जिन गांवों में भूमि अधिग्रहण और कब्जे की प्रक्रिया पूरी करनी है, उनमें चौबारी मुस्तकिल, बारी नगला, उमरसिया, लखौरा, दुवारी, पालपुर कमालपुर, धरूपुर ठाकुरान और सराय तल्खी मुस्तकिल शामिल हैं। पत्र में कहा गया कि इन गांवों में रबी की फसल की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है, जमीन खाली कराने का यह सबसे उपयुक्त समय है। परियोजना की निर्धारित समय सीमा दिसंबर 2025 थी, लेकिन कुछ तकनीकी अड़चनों और भूमि हस्तांतरण में देरी के कारण युद्धस्तर पर पूरा करने की तैयारी है। परियोजना निदेशक ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इन चिह्नित गांवों की भूमि पर कब्जा दिलाने के लिए जल्द तिथि निर्धारित की जाए। एनएचएआई का लक्ष्य राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–24 और बरेली पूर्वी बाईपास को जोड़ने वाले इस पश्चिमी खंड के निर्माण को गति देना है। इस पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी को भी भेजी गई है। सूत्रों का कहना है अधिग्रहण जमीन पर कब्जा लेने की आड़ में किसानों की कुछ और जमीन पर भी मिट्टी डालकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए किसान विरोध कर रहे हैं।

## डिप्टी सीएम केशव आज बरेली में कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**बरेली, अमृत विचार:** उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। दोपहर 12:30 बजे वह बरेली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से सीधे इनवर्टिस यूनिवर्सिटी के लिए रवाना होंगे, जहां दोपहर 1:00 बजे आयोजित ''नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान'' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।



प-मुख्यमंत्री दोपहर सवा दो बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां वे पार्टी के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद वे ''महिला जनाक्रोश'' के विषय पर एक प्रेस वार्ता को भी संबोधित करेंगे। शाम चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों का समीक्षा करेंगे। उप-मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

# बिजली कटौती पर भड़के व्यापारी

- अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अधीक्षण अभियंता से मिलने पहुंचे व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अघोषित बिजली कटौती को लेकर व्यापारियों का पारा चढ़ गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महानगर से जुड़े व्यापारी अधीक्षण अभियंता से मिलने पहुंचे। ज्ञापन देकर व्यवस्था में सुधार की मांगकर आंदोलन की चेतावनी दी।

महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना ने बताया कि शहर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश हैं। विभागीय लापरवाही के चलते शहर में बिजली आपूर्ति की स्थिति खराब है। कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है और आमजन भी असुविधा झेल रहे हैं। सर्दियों में सुधार कार्य के नाम पर की गई कटौती का कोई लाभ अब तक नहीं दिखा, जबकि गर्मी में भी ट्रांसफार्मर खराबी और ट्रिपिंग के नाम पर घंटों बिजली बाधित की जा रही है। इसके अलावा स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी, उपभोक्ताओं को बिना सूचना के मीटर लगाने और गलत रीडिंग से परेशान किया जा रहा है। व्यापारियों ने कहा कि ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक लोड होने के बावजूद विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा, जिससे बार-बार फॉल्ट की समस्या उत्पन्न हो रही है। कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था भी प्रभावी नहीं है और समाधान में 24 से 48 घंटे तक का समय लग रहा है।

## सीएम ग्रिड की कार्यदायी संस्था को दी चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) के तहत फेस वन और फेस टू में हो रहे काम की धीमी रफ्तार मुसीबत बनी हुई है।

निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने कार्यदायी संस्था को चेतावनी जारी है। दरअसल, नगर निगम ने मई तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है, मगर रफ्तार को देखते हुए यह पूरा होता नहीं दिख रहा। प्रमुख मार्गों पर अधूरा निर्माण और निर्माण सामग्री हादसों को निमंत्रण दे रही है। स्टेडियम रोड पर स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। यहां सीवर लाइन के चैंबर (डिप) खुले पड़े हैं। स्टेडियम से मॉडल टाउन की ओर जाने वाली सड़क पर मिट्टी सड़क पर फैली हुई है।

# परसाखेड़ा में डाटा सेंटर और फायर स्टेशन को हरी झंडी


- मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक और जीबीसी की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक में विकास कार्यों को गति दी गई।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए फायर स्टेशन, यूपीसीडा कार्यालय और आधुनिक डाटा सेंटर को भूमि आवंटन का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। मण्डलायुक्त ने भोजीपुरा औद्योगिक आस्थान में जल निकासी व्यवस्था सुधारने और बजट आवंटन के निर्देश दिए। निवेश की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बरेली मण्डल में जीबीसी 1 से 5 के तहत अब तक 375 से अधिक औद्योगिक इकाइयां वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर चुकी हैं, जिनमें हजारों करोड़ का निवेश शामिल है। बैठक में बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, मुख्य अभियन्ता विद्युत ज्ञान प्रकाश, उपनिदेशक पर्यटन रविन्द्र कुमार, उद्यमी अजय शुक्ला, अभिनव अग्रवाल, गुरप्रीत सिंह, एसके सिंह, मयूर धीरवानी, आशुतोष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# शुभलेश का नेताओं को संदेश, समय न गंवाएं जनता के बीच जाएं



कार्यालय में सुभलेश यादव का स्वागत करते नेता–कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नए ने पदभार ग्रहण कर कार्यालय पर की प्रेस कांफ्रेंस
- नेता-कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागत

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के नए जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद पार्टीजनों को सहज शब्दों में कड़क संदेश दिया। ढोल-नगाड़े और फूल मालाओं से स्वागत की औपचारिकता के तुरंत बाद प्रेस के साथ लंबी वार्ता की। बोले, मतभेदों को पार्टी की प्रगति में बाधा नहीं बनने देंगे। बगैर समय गंवाए समाजवादी नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता पूरे दमखम से बूथों को अभेद्य बनाने के कार्य में जुटेंगे। नए-पुराने साथ चलेंगे।

दूसरी बार बरेली सपा संगठन की बागडोर मिलने के बाद शुभलेश यादव गुरुवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे तो जोश से लबरेज नजर आए। कार्यकर्ताओं ने मालाओं से लाद दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए शुभलेश ने दावा किया कि अबकी बार विधानसभा चुनाव में सभी 9 सीटें जीतकर दिखाएगी। कहा कि उनका लक्ष्य संगठन को बूथ स्तर तक अभेद्य बनाना है। मतभेद पार्टी की प्रगति में बाधक नहीं बनने चाहिए और सभी पुराने व नए कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में पिरोकर चुनावी रण में उतारा जाएगा। बोले, जनता भाजपा सरकार के खोखले वादों को समझ चुकी है। बदलाव की लहर बरेली से लखनऊ तक नजर आ रही है। कार्यकर्ताओं से कहा कि अब वे बिना समय गंवाए जनता के बीच जाएं और समाजवादी विचारधारा को घर-घर पहुंचाएं। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा जिला व महानगर मिलकर इतिहास रचेंगे। संचालन महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया। पूर्व मेयर मेयर सुप्रिया ऐरन, पूर्व विधायक विजय पाल सिंह, पार्टी नेता डॉ. अनीस बेग,अनीस अहमद, प्रमोद सिंह बिष्ट, राजेश अग्रवाल, संजीव सक्सेना, हैदर अली, शेरसिंह गंगवार, अशोक यादव, मनोहर पटेल, सुरेन्द्र सोनकर, विशाल अग्रवाल सिंगर, नाजिम कुरैशी, बृजेश सविता, रविन्द्र श्रीवास्तव, परवेज अंसारी, सुधीर यादव, राकेश यादव, गंगा सिंह यादव, राकेश गुप्ता, सदाकत हुसैन, नवीन कश्यप, सतवीर यादव, अनिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## हाल–बेहाल

### गर्मी शुरू होते ही बिजली की परेशानी से लोगों में बढ़ रहा रोष, उपभोक्ता घंटी बजा रहे मगर अफसर फोन नहीं उठा रहे

# ये कैसे स्मार्ट मीटर... बिल जमा होने के बाद भी कट रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली संकट गहराता जा रहा है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गए हैं। शहर के कई इलाकों में लोग 15 दिन से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। अधिकारी फोन उठाने को तैयार नहीं ।

लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से समस्याएं और बढ़ गई हैं। बिल जमा करने के बाद भी कनेक्शन काट दिया जा रहा है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। बुजुर्गों से लेकर महिलाएं तक रोजाना बिजलीदफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैंही। सबसे गंभीर बात यह है कि शिकायत दर्ज कराने के लिए दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर अधिकारी फोन नहीं उठा रहे। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर पारदर्शिता और सुविधा के लिए लगाए गए थे, लेकिन यह व्यवस्था अब उपभोक्ताओं पर दोहरी मार बन गई है, एक तरफ बिजली कटौती और दूसरी तरफ लगातार मानसिक परेशानी। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### तकनीकी गड़बड़ी के साथ भरोसे पर भी सवाल

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि बिना सहमति के एक लाख उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मोड में डाल दिया गया, जो पूरी तरह गलत है। यह उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन है और इसे तुरंत पोस्टपेड में बदला जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब केंद्र सरकार खुद प्रीपेड को अनिवार्य नहीं मानती तो प्रदेश में इसे जबरन क्यों लागू किया जा रहा है। इस पूरे मामले में एक और विवाद उभरा है। स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम में इस्तेमाल हो रहे उपकरणों को लेकर उपभोक्ता परिषद ने आशंका जताई है कि एमडीएम और एचईएस सिस्टम में चीनी उपकरणों का इस्तेमाल हो सकता है, जिसकी जांच जरूरी है। अगर यह आशंका सही साबित होती है तो मामला सिर्फ तकनीकी गड़बड़ी का नहीं, बल्कि सुरक्षा और भरोसे का भी बन जाएगा।

> नए कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर अनिवार्य है। प्रीपेड मीटर में समस्याओं की शिकायतों का निस्तारण कराया जा रहा है। प्रीपेड से पोस्टपेड करने का आदेश नहीं आया है। आदेश आता है तो पालन कराया जाएगा।
> **-अंकित गंगवार**, अधिशासी अभियंता

### पोस्टपेड मीटर लगाने की मांग पर अड़े



बाकरगंज निवासी अनवरी ने बताया कि उनका कनेक्शन उनके पिता के नाम पर है। अभी हाल ही में उनके घर पर स्मार्ट प्रिपेड मीटर लगा दिया गया। जिसमें 34 हजार रुपये का बिजली बिल आया। उसके बाद लाइट काट दी गई। आरोप है कि 3 अप्रैल से लाइट नहीं आ रही है। वह विभागों का रोजाना चक्कर काट रही हैं। मगर उनका कोई सुनने वाला नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि उनके परिजन रात को छतों पर सोने को मजबूर हैं। बच्चे इस भीषण गर्मी में बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं।

### 15 दिन से विभाग के काट रहे चक्कर



जंक्शन निवासी नटवर साजन ने बताया कि उनके घर की लाइट पिछले 15 दिनों से कटी हुई है। बिल जमा करने के बाद भी लाइट नहीं आ रही है। दफ्तरों में आने पर एक ऑफिस से दूसरे ऑफिस में भेजा जाता है। कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि एसी कमरे में बैठे अधिकारियों को गरीब लोगों की परेशान समझ नहीं आ रही है।

### भीषण गर्मी में रहने को मजबूर



जोगीनवादा निवासी नसरीन ने बताया कि पुराना बिजली बिल जमा कर दिया गया है। बावजूद 24 मार्च को उनके घर की लाइट काट दी गई। फिर से बकाया दिखाया जाने लगा। कार्यालय पहुंच कर जानकारी लेनी चाही तो जवाब नहीं मिला। गर्मी में एक माह तक लाइट नहीं रहेगी तो मुसीबत होगी ही। खुद को जिंदा रखना ही चुनौती बन जाएगी।

### ... वापस आए तो बिजली गुल



गुलाबनगर निवासी अशोक कुमार सक्सेना ने बताया कि वह बिल जमा कर 28 मार्च को दिल्ली चले गए। अप्रैल में वापस आए तो घर की लाइट कटी हुई थी। बिल जमा करने के बाद भी लाइट नहीं आई। उन्हें रोजाना बिजली विभाग के कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। उनके परिजन कहने लगे दोबारा दिल्ली चलो। यहां गर्मी बाद वापस आएंगे।

## सिटी ब्रीफ

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**बरेली, विधि संवाददाता :** स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 नम्रता अग्रवाल ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी देवेंद्र की जमानत अर्जी खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी के अनुसार, पीड़िता अपनी मौसी की शादी में अलीगंज आई थी, जहां से 24 फरवरी को आरोपी उसे और उसकी बहन को बहला-फुसलाकर नोएडा ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया, जबकि दूसरे आरोपी राजेश ने उसकी बहन के साथ गलत काम किया। साक्ष्यों और बयानों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को राहत देने से इनकार कर दिया।

### मोबाइल लूट का आरोपी गिरफ्तार

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना पुलिस ने मोबाइल लूट की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर मोबाइल फोन और बाइक बरामद की है। 17 अप्रैल को अटाकायस्थान निवासी एक छात्र घर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार एक युवक ने उसका मोबाइल छीन लिया। सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को सफेद रंग की बाइक के साथ पकड़ा गया। उसके पास से लूटा गया मोबाइल बरामद हुआ। उसे जेल भेज दिया गया।

### कार व पांच लाख के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**बरेली , अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न के आरोप लगाए। कहा, कि कार व पांच लाख के लिए उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 23 अप्रैल 2024 को पीलीभीत निवासी युवक से हुई थी। शादी में उसके परिवार ने करीब 35 लाख रुपये खर्च किए। इसके बाद भी पति, सास-ससुर और अन्य परिजन कार और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। 21 अप्रैल 2026 की रात उसका नंदोई कमरे में घुस आया और जबरदस्ती करने की कोशिश की। परिजनों ने उसे ही दोषी ठहराया। आरोप है कि इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पापा के सितम..बच्चे की जुबां से फूटे मम्मी की हत्या के गम

## मां गीता यादव की चिता को 11 बरस के बेटे ने दी मुखाग्नि, पुलिस की पूछताछ में पिता भारत सिंह के बुरे बर्ताव से उठाया परदा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार।** सुभाषनगर क्षेत्र में गीता यादव की हत्या के बाद 11 साल के बेटे दृश्य ने हैरान कर देने वाली कहानी पुलिस को सुनाई है। पढ़ने की उम्र में उसे मां की चिता को मुखाग्नि देनी पड़ गई। हत्यारोपी पिता फरार है। बच्चे ने रुंधे गले से बताया है कि मम्मी और उनके प्रति पापा का बर्ताब खराब था। मां से बात नहीं करते थे। खर्चे को ठीक से पैसे भी नहीं देते थे। बाजार साथ तक नहीं ले जाते थे। फीस भी लेट जमा होती थी।

मासूम दृश्य ने पुलिस को बताया कि वह कई साल से फौजी पिता भारत सिंह का मां को प्रति खराब व्यवहार देख रहा था। साल में एक-दो बार ही घर आते थे। जैसे-तैसे मम्मी घर का खर्च चलाती थीं। फीस, कपड़े, दवा, खाना और दूसरी जरूरी चीजों के लिए बस 10-12 हजार रुपये भेजा करते थे। उसी में सब कुछ करना पड़ता था। पढ़ाई की बात आते ही उसकी रुलाई फूट पड़ी। बोला, मेरी फीस कई बार लेट


गीता हत्याकांड को लेकर बेटे से जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

- बेटा बोला, मां से बात नहीं करते थे पापा, कम देते थे खर्चा
- फीस भी होती थी लेट जमा, कभी कभार दिलाते थे कपड़े

जमा होती थी। कभी-कभार ही नए कपड़े मिलते थे। छोटी चीजों के लिए भी मन मारकर रहना पड़ता था। पापा हमें कभी बाजार भी नहीं ले जाते थे। उसकी बातें सुनकर वहां मौजूद हर व्यक्ति भावुक हो उठा। मां की मौत का गम उसकी आंखों से बरस रहा था। सवाल यह है कि इस दृश्य और उससे छोटा हर्ष के भविष्य की जिम्मेदारी कौन उठाएगा ? मां गीता की हत्या में सैनिक पिता भारत सिंह यादव आरोपी है और पुलिस उसको खोज रही है। गीता की हत्या के बाद उसके ससुराल पक्ष ने पूरी तरह बच्चों से मुंह मोड़ लिया है। मायकेवाले तड़प रहे हैं और हत्यारोपी पति के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### बहू के अंतिम संस्कार में झांकने तक नहीं आए ससुराल के लोग

**बरेली, अमृत विचार :** वैष्णो धाम कॉलोनी में हुए गीता हत्याकांड ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। कार्रवाई की मांग को लेकर मायकेवाले दो दिन तीसरे दिन 11 साल के बेटे ने पुलिस की मौजूदगी मां को मुखाग्नि दी। हालांकि ससुराल पक्ष का कोई सदस्य नहीं पहुंचा। पुलिस के अनुसार, पत्नी गीता की हत्या के बाद से फरार भगत सिंह यादव की सुभाषनगर के वैष्णों धाम कॉलोनी निवासी भारत सिंह यादव सेना कार्यरत है। पत्नी गीता की 21 अप्रैल को हत्या कर दी थी। सीसीटीवी में हत्यारोपी पति कैद हो गया था। गीता हत्याकांड में मायकेवालों ने पति भारत सिंह, जेठ व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के बाद से सभी फरार हैं। मायकेवालों में आक्रोश इस बात को लेकर भी था कि तीन दिन



सुभाषनगर में मारी गई गीता यादव के परिवार की गमगीन महिलाएं।

बीतने के बाद भी ससुराल पक्ष से कोई झांकने नहीं आया। किसी ने बच्चों को भी नहीं सुध ली। गुरुवार तक मायकेवाले इस बात पर अड़े रहे कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक गीता के शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। शव को सीओ आफिस तक ले जाने की बात उठने लगी थी। पता होते ही सीओ अंजनी तिवारी मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझाकर शांत किया। पुलिस टीमें दबिशें देती रहीं मगर कोई आरोपी नहीं मिला। जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन पर आज गीता का अंतिम संस्कार किया गया।

**17 अप्रैल से छुट्टी पर था भगत सिंह :** गीता के मायकेवालों का कहना है कि भगत सिंह 17 अप्रैल से छुट्टी पर चल रहा था। हालांकि वह पत्नी के पास नहीं आया था और दूसरी किसी जगह रुका था। पुलिस को जांच में पता चला है कि 21 अप्रैल यानी घटना वाले दिन बदायूं से बरेली आया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

> गीता यादव के शव का अंतिम संस्कार हो गया है। घटना की तह में जाने के लिए कॉल डिटेल खंगाली जा रही हैं। जल्द ही जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।
> **सतीश नैन**, इंस्पेक्टर सुभाषनगर


### 'प्रेम संबंधों का झांसा देकर युवती से धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग

**बरेली, अमृत विचार:** युवती के साथ प्रेम संबंध के नाम पर धोखाधड़ी, अश्लील स्क्रीनशॉट के जरिए ब्लैकमेलिंग और दहेज मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने झूठी पहचान से उसे अजाल में फंसाया और वीडियो कॉल के दौरान आपत्तिजनक स्क्रीनशॉट ले लिए।

पीड़िता के अनुसार आरोपी ने खुद को एक संपन्न परिवार से जुड़ा बताया और शादी का प्रस्ताव देकर उसका विश्वास जीता। बाद में जब परिजनों ने जांच की तो असलियत सामने आ गई और पता चला कि वह किसी बड़े कारोबारी परिवार से नहीं, बल्कि सामान्य नौकरी कर रहा है। सच्चाई उजागर होने के बाद आरोपी और उसके परिजनों ने कथित तौर पर 5 लाख रुपये की मांग रख दी। इनकार पर आरोपी ने पीड़िता के अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देना शुरू कर दिया। विरोध पर आरोपी ने स्क्रीनशॉट को एक अन्य व्यक्ति को भेज दिया, जिसके बाद वे सोशल मीडिया और परिचितों में प्रसारित कर दिए गए।

# कुदेशिया ब्रिज पर आधी रात को रोडवेज ने कार को रोंदा, कई गंभीर


रोडवेज बस से टकराई कार । ● अमृत विचार


घायल युवक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** कुदेशिया ओवरब्रिज पर देर रात बहेड़ी की ओर से आ रही रोडवेज बस ने बेकाबू होकर कार को रोंद दिया। हादसे में कार सवार कॉस्मेटिक व्यापारी सहित उनके परिवार के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- उझानी से लौट रहा था भोजीपुरा के व्यापारी का परिवार
- हादसे में घायल हुए सभी लोगों की हालत नाजुक

पुलिस के अनुसार, थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव बुढ़ा नगरिया निवासी व्यापारी बलवीर पत्नी, बेटी और बेटी का बच्चे के साथ उझानी से कार में घर लौट रहे थे। गाड़ी खुद बलवीर चला रहे थे। जैसे ही वह कुदेशिया पुल पर पहुंचे, अचानक सामने आई रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सभी सवार उसमें फंस गए। सूचना पर पुलिस एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। राहगीरों की मदद से कार में फंसे चारों लोगों को अस्पताल भिजवाया गया। सभी की हालत बेहद चिंताजनक बताई गई है।

### बीडीए कॉलोनी में चौकीदार की हत्या

**बरेली, अमृत विचार:** रामगंगा आवासीय योजना सेक्टर-2 में निर्माणाधीन मकान में बुधवार को चौकीदार का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिला था। प्रारंभिक जांच में छत से गिरकर मौत होने का मामला प्रतीत हो रहा था। गुरुवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने के बाद अब मामले में नया मोड़ ले लिया है।

शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद के गांव बिरियतरा निवासी अनिल कुमार (45) पिछले एक वर्ष से निर्माणाधीन मकान में चौकीदार था। घटना की सूचना बुधवार करीब शाम 7:30 बजे पुलिस को मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। प्रारंभिक तौर पर मौत छत से गिरने के कारण मानी जा रही थी। हालांकि गुरुवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अनिल कुमार की गला दबाकर हत्या की गई है, शरीर पर कई जगह चोटों के निशान भी मिले हैं।

# जननायक एक्सप्रेस में 70 बच्चों की तस्करी... निकली अफवाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब चिल्ड्रेन हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 18001027222 पर जननायक एक्सप्रेस में करीब 70 बच्चों को तस्करी के जरिए ले जाने की सूचना मिली। जीआरपी और आरपीएफ समेत संस्था के लोगों ने ट्रेन के एक-एक डिब्बे को खंगाला। लेकिन, जांच में सभी बच्चे अपने परिजनों के साथ पाए गए।

बता दें कि बच्चों की तस्करी की सूचना मिलने पर नई दिल्ली स्थित जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन ने बदायूं की संस्था काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान को अलर्ट किया। संस्था की टीम बरेली जंक्शन पहुंची, जहां रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।



बच्चों की तस्करी की सूचना पर ट्रेन का इंतजार करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- जीआरपी और आरपीएफ ने घेरी जननायक एक्सप्रेस
- सभी बच्चे परिजनों के साथ निकले, तब ली राहत की सांस

इस अभियान में स्टेशन मास्टर, आरपीएफ, जीआरपी, एएचटी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट), चाइल्ड लाइन और संबंधित संस्था के सदस्य शामिल रहे। दरभंगा से अमृतसर जा रही जननायक एक्सप्रेस बरेली पहुंचते ही जीआरपी, आरपीएफ और संस्था के लोगों ने घेर लिया। कोचों की गहन तलाशी ली गई और संदिग्ध बच्चों को चिन्हित कर पूछताछ की गई।

सुरक्षा कर्मियों ने बच्चों और उनके साथ मौजूद अभिभावकों के आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किया। जांच के दौरान सभी बच्चे अपने-अपने माता-पिता के साथ यात्रा करते मिले। सूचना पूरी तरह गलत पाई गई।

# दंगाइयों को हथियार सप्लाई में कई और पर कार्रवाई तय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जांच के बाद पुलिस ने मुकदमे में कई नाम किए शामिल

बरेली बवाल मामले की जांच में पुलिस को बड़ा सुराग मिला है। फायरिंग की घटनाओं से जुड़े मुकदमों में अब हथियार सप्लाई करने वाले व्यक्तियों के नाम भी शामिल किए गए हैं। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, नए तथ्य सामने आने पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

पुलिस अब तक मुदस्सिर मर्जा उर्फ गोलू, इशरत अली, तसलीम और सोनू खान को गिरफ्तार कर चुकी है। इन सभी पर हिंसा भड़काने और उपद्रवियों को हथियार मुहईया करने के आरोप है। जांच में यह भी सामने आया है कि पूरे बवाल की साजिश एक व्यक्ति के घर पर बैठकर रची गई थी, और वहीं से घटनाक्रम को नियंत्रित किया गया।

मौलाना तौकीर रजा को भी उसी स्थान से गिरफ्तार किया गया था, जहां कथित रूप से साजिश की पूरी रूपरेखा तैयार की गई थी। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में किला, बारादरी, कोतवाली, कैंट और प्रेमनगर थानों में कुल 10 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। विवेचक संजय धीर के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों को 27 अप्रैल को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष रिमांड पर पेश किया जाएगा। पूछताछ में और नाम सामने आने की संभावना जताई गई है।

### युवती को बेचने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**बरेली, अमृत विचार:** युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसे बेचने के गंभीर मामले में अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश (कोर्ट-5) संतोष कुमार यादव ने थाना अलीगंज क्षेत्र के आरोपी भगवानदास की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

सरकारी वकील दिगंबर पटेल ने अदालत में दलील दी कि पीड़िता को उसकी परिचित गीता नाम की महिला अमरोहा में एक विवाह समारोह के बहाने ले गई थी और वहां उसका सौदा कर दिया। पुलिस ने पाया कि मानव तस्करी के खेल में कई लोग शामिल थे। सह-अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव की जमानत अर्जी अदालत 7 मार्च को खारिज कर चुकी है।

# पुलिस की पिटाई से जेल में बिगड़ी तबीयत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जेल में बंद आरोपी की तबीयत बिगड़ गई। युवक की मां ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी कार्यालय में शिकायत देकर बेटे को झूठे मामले में फंसाने और पीटने का आरोप लगाया। मां ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मुन्नी देवी ने बताया कि उनका बेटा रंजीत 19 अप्रैल की शाम सतीपुर चौराहे पर सब्जी लेने गया था, जहांएक कहासुनी में बीच-बचाव करने लगा। इसी दौरान पुलिस सेटेलाइट चौकी ले गई जहां उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद उनके बेटे को स्मैक तस्करी के झूठे मामले में फंसाकर


एसएसपी कार्यालय पहुंचीं रंजीत के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

- मां बोली, बेटे पर झूठा आरोप लगाकर भेजा गया जेल
- पत्नी ने भी एसएसपी कार्यालय जाकर लगाए पुलिस पर आरोप

एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पीड़ित की पत्नी ने भी एसएसपी कार्यालय पहुंचकर आरोप लगाया कि उनके पति को चौकी में बेरहमी से पीटा गया, जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। जेल में मुलाकात के दौरान पति के नाक और मुंह से खून आ रहा था और वे ठीक से चल-बोल नहीं पा रहे थे। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है। परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि अनहोनी होती है तो जिम्मेदारी संबंधित पुलिसकर्मियों की होगी।

# टीटीई ने दिया था ट्रेन से धक्का, टूटी हड्डी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- यात्री ने लगाया अवैध वसूली अपमान, मारपीट का आरोप
- डीआरएम बोले, मामला संज्ञान में, जांच कराने के बाद की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार :** रेलवे यात्रा के दौरान एक बेहद गंभीर घटना सामने आई है। शाहजहांपुर निवासी एक यात्री ने टीटीई पर अवैध वसूली, जातिसूचक अपमान, मारपीट और ट्रेन से धक्का देकर जान लेने की कोशिश जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। मुरादाबाद डीआरएम ने पूरे मामले की जांच करा कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।


घायल युवक।

थाना रोजा क्षेत्र के ग्राम हथौड़ा बुजुर्ग निवासी शैलेश कुमार 22 अप्रैल को बरेली आ रहे थे। वह अवध आसाम एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-5 में सवार हुए थे। समय की कमी के चलते वह स्टेशन से टिकट नहीं ले सके थे, हालांकि उनका कहना है कि ट्रेन में ही नियमानुसार टिकट बनवाने का प्रयास कर रहे थे। पीड़ित के मुताबिक, बरेली जंक्शन के करीब कोच में तैनात टीटीई ने 35 सौ रुपये की मांग की। उसने रसीद देने की बात कही, तो मामला बिगड़ गया।

> मामला संज्ञान में है। जांच कराई जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही जांच के लिए टीम गठित की जाएगी।
> – **विनीता श्रीवास्तव**, डीआरएम

शैलेश ने बताया कि टीटीई ने नाम और जाति पूछकर आपत्तिजनक और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर मारपीट की और ट्रेन बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म पर प्रवेश कर रही थी, तभी धक्का दे दिया।

उसके बाएं पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है, साथ ही अन्य चोटें भी आई हैं। पीड़ित ने राजकीय रेलवे पुलिस से शिकायत कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और ट्रेन के चार्ट को सुरक्षित रखने की भी अपील की गई है।

**सुरक्षा** | बिहारीपुर ढाल से मलूकपुर चौकी तक फोर्स के खास इंतजाम, संदिग्धों पर निगरानी के निर्देश

# उर्स को लेकर कड़ी सतर्कता, ड्रोन से छतों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** शहर में उर्स ए ताजुश्शरिया के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। उर्स के दौरान लाखों की संख्या में जायरीन के पहुंचने को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को संवेदनशील इलाकों में ड्रोन के माध्यम से छतों की सघन चेकिंग की गई।

बिहारीपुर ढाल से मलूकपुर चौकी, सिटी सब्जी मंडी, आजमनगर और इंद्रा मार्केट तक पड़ने वाले मार्गों पर स्थित घरों की छतों को ड्रोन कैमरे से खंगाला गया। इस दौरान पुलिस ने छतों पर रखे ईंट-पत्थर और अन्य संभावित खतरनाक सामान को विशेष रूप से जांचा। साथ ही जिन मकानों की छतें संवेदनशील लगीं, उन्हें चिन्हित भी किया गया। इंस्पेक्टर


ड्रोन से की गई छतों की निगरानी।

कोतवाली धनंजय पांडेय ने बताया कि उर्स ए ताजुश्शरिया के दौरान किसी भी तरह की खुराफात या अव्यवस्था को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। ड्रोन से निगरानी करने का मकसद यह सुनिश्चित करना था कि कहीं से भी असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश न कर सकें।

चेकिंग अभियान के दौरान कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि उर्स का आयोजन सकुशल संपन्न हो सके।

**परचम कुशाई के साथ आज होगा उर्स का आगाज :** मुफ्ती अख्तर रजा खां (अजहरी मियां) का दो रोजा 8 वां उर्स-ए-ताजुशरिया का आगाज शुक्रवार को असर की नमाज के बाद परचम कुशाई से होगा। उर्स की सभी रस्में काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती मोहम्मद असजद रजा खां कादरी की सरपरस्ती और जमात रजा-ए-मुस्तफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उर्स प्रभारी सलमान मियां की सदारत व जमात के महासचिव फरमान मियां की निगरानी में चल रही हैं। जायरीन की हाजिरी का सिलसिला शुरू हो गया है। 24 अप्रैल को दरगाह ताजुशारिया पर बाद नमाज-ए-फजर कुरआनख्वानी की महफिल सजेगी। असर की नमाज के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। पहला परचम सैय्यद कैफ़ी के निवास शाहबाद स्थित मिलन शादी हाल और दूसरा परचम अराफात कुरैशी आजमनगर से निकाला जाएगा। ईशा की नमाज के बाद उर्स स्थल सीबीगंज स्थित मदरसा जामियातुर रजा में तकरीर होंगी।

### उर्स को लेकर फोर्स की व्यापक तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** उर्स ए ताजुश्शरिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। गुरुवार को अधिकारियों ने ब्रीफिंग की और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने ड्यूटी में लगे सभी पुलिसकर्मियों को कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, जायरीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती पर भी जोर दिया गया। डायवर्जन प्लान का सख्ती से पालन कराने और पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। ड्यूटी में लगे सभी पुलिसकर्मियों को समय से अपने-अपने प्वाइंट पर पहुंचने और पूरी तरह अलर्ट मोड में रहने के लिए कहा गया।एसएसपी अनुराग आर्य ने यह भी निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान शांति, सौहार्द और आपसी समन्वय बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी आयोजकों और स्थानीय नागरिकों के साथ संवेदनशीलता से कार्य करे। ब्रीफिंग में एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी अंशिका वर्मा, एसपी मुकेश मिश्रा समेत सभी सीओ और इंस्पेक्टर मौजूद रहे।

### युवक ने लगाई आग

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर के चाहबाई मोहल्ले में बुधवार देर रात एक युवक खुद को आग लगा ली। परिजनों के अनुसार, बुधवार रात परिवार के सभी सदस्य पड़ोस में नामकरण कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस दौरान जितेंद्र घर पर अकेला था। उसने किसी ज्वलनशील पदार्थ को अपने ऊपर डालकर आग लगा ली। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर है।

# एसओजी-साइबर सेल से हटाए गए पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी ने पुलिसकर्मियों पर नजर रखने के निर्देश दिए

**अमृत विचारः** एसएसपी ने एसओजी और साइबर सेल में लंबे समय से तैनात छह लोगों को हटाकर देहात के थानों में भेजा दिया है। साथ ही उनके ऊपर नजर रखने के भी निर्देश दिए है। बताया जाता है कि इनके बारे में कई शिकायतें मिल रही थीं।

एसएसपी ने दरोगा अंकित सिंह को साइबर थाना से थाना शाही भेजा है। हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र कुमार को साइबर सेल से थाना सिरौली में तैनात किया गया है। वहीं हेड कांस्टेबल मोहित शर्मा जो रिजर्व पुलिस लाइन्स में एसओजी-प्रथम से संबद्ध थे, अब थाना विशारतगंज भेजे गए हैं। इसी क्रम में कांस्टेबल मनीष कुमार को साइबर थाना से थाना शीशगढ़, कांस्टेबल मधुर को एसओजी-द्वितीय से थाना क्योलड़िया तथा कांस्टेबल अंकुर भाटी को एसओजी-द्वितीय से थाना शेरगढ़ स्थानांतरित किया गया है। एसएसपी ने साथ ही संबंधित थानों के प्रभारी इन पुलिसकर्मियों की गतिविधियों, कार्यशैली और आचरण पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है। अनुशासनहीनता या संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाए। एसएसपी ने बताया की लंबे समय से इनकी शिकायतें मिल रही थी। इसलिए इन्हें मुख्यालय से दूर भेजा गया है।

बरेली महानगर

अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

www.amritvichar.com





## हाईस्कूल का मैदान



अवनी 93 प्रतिशत, कांति कपूर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर | सिद्धि सक्सेना 92.66 प्रतिशत, कांति कपूर बालिका विद्या मंदिर | कोमल कश्यप 91.5 प्रतिशत, कांति कपूर बालिका विद्या मंदिर



मेघा, 85 प्रतिशत, कांति कपूर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर | अनुष्का गंगवार 87.6 प्रतिशत, कांति कपूर बालिका विद्या मंदिर | साक्षी गंगवार 89.3 प्रतिशत, कांति कपूर बालिका विद्या मंदिर



वेष्णवी गुप्ता 85.33 प्रतिशत, द्रोपदी कन्या इंटर कालेज | नैंसी पटेल, 87 प्रतिशत सरदार पटेल कन्या इंटर कालेज | श्रेया अस्थाना 87.2 प्रतिशत : राजकीय बालिका इंटर कालेज



यश सौरभ 88.50 प्रतिशत, राजकीय बालिका इंटर कालेज | सिन्धवी कोली 86.50 प्रतिशत, राजकीय बालिका इंटर कालेज | अंश नायक 84.66 प्रतिशत, राजकीय बालिका इंटर कालेज



ओमदेव गुर्जर 84.50 प्रतिशत, राजकीय बालिका इंटर कालेज | अंशिका यादव 82.50 प्रतिशत, राजकीय बालिका इंटर कालेज | रितेश गंगवार, 93.5 प्रतिशत, रानी महालक्ष्मी बाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज



प्रदीप कुमार, 89.16% रानी महालक्ष्मी बाई विद्या मंदिर इंटर कॉलेज | रितिका गंगवार, 85% रानी महालक्ष्मी बाई विद्या मंदिर इंटर कॉलेज | नंदनी 86.5 प्रतिशत, रानी महालक्ष्मी बाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज



सुमय्या, 90 प्रतिशत इस्लामियां गर्ल्स इंटर कॉलेज | शबा नूर, 86.16% इस्लामियां गर्ल्स इंटर कॉलेज | इरम, 82.16 प्रतिशत इस्लामियां गर्ल्स इंटर कॉलेज



गुरुवार शाम जैसे ही यूपी बोर्ड परीक्षा का पिटारा खुला, मेधावियों में खुशी छा गई। जश्न मनातीं द्रौपदी कन्या इंटर कालेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

# खेत-खलिहान से बेटियों की उड़ान, जीत लेंगी पूरा जहान

## राज्य टॉपर लिस्ट में शामिल सभी 10 बच्चियों के पिता कामगार-किसान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में बरेली जिले की मेधावी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर धमाल मचाया है। सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज, खेड़ा की नंदिनी गुप्ता ने प्रदेश में दूसरा और सुरभि यादव ने तीसरा स्थान हासिल कर नई मिसाल कायम की है। उनकी सफलता पर पूरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मेहनत, अनुशासन और स्मार्ट स्टडी के दम पर उनकी सफलता दूसरों के लिए प्रेरणा बन गई है।

● **सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज, खेड़ा की दो छात्राओं ने पूरे प्रदेश में लहराया सफलता का परचम**

### नंदिनी गुप्ता: निरंतर मेहनत ने परीक्षा में आसान की राह

सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा नंदिनी गुप्ता ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। अमृत विचार से बातचीत में नंदिनी ने सफलता का श्रेय निरंतर मेहनत, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य बनाकर तैयारी करने को दिया। नंदिनी बोलीं, शुरुआत से ही पढ़ाई को लेकर गंभीर रही और तय कर लिया था कि अच्छे अंक हासिल करने हैं। नियमित टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई की। हर विषय को बराबर समय देने के साथ रोजाना रिवीजन किया। विषयों पर पकड़ मजबूत होती गई। कठिन टॉपिक्स को समझने के लिए वह शिक्षकों से बार-बार मार्गदर्शन लेती थीं। बताए गए बिंदुओं पर नोट्स तैयार करती थीं। उन्होंने डॉक्टर बनने की बात कही है।



### सुरभि यादव: गांव की पहली डॉक्टर गर्ल बनने का उठाया बीड़ा


इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज की छात्रा सुरभि यादव ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय के साथ जिले का नाम रोशन किया है। अमृत विचार से बातचीत में सुरभि ने सफलता का श्रेय स्मार्ट स्टडी, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच को दिया। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने रटने के बजाय कॉन्सेप्ट क्लियर करने पर विशेष ध्यान दिया। हर विषय को समझकर पढ़ने की आदत ने कठिन प्रश्नों को हल करने में मदद की। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करना उनकी तैयारी का अहम हिस्सा रहा। सुरभि ने बताया कि वह मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं। कहा कि उनके गांव से अभी तक कोई लड़की डॉक्टर नहीं बनी है और वह पहली डॉक्टर बनना चाहती हैं।



## इंटर का इम्तिहान



अभिषेक-80 प्रतिशत, एसएसवी इंटर कालेज, सुरेश शर्मा नगर | माही सैनी-78.8 प्रतिशत, एसएसवी इंटर कालेज, सुरेश शर्मा नगर | मो. अमन-78.6 प्रतिशत, एसएसवी इंटर कालेज, सुरेश शर्मा नगर



ज़ुबिया मोहसिन 81% सुशीला गिरीश बालिका इंटर कालेज बरेली | हर्षित-74.8 प्रतिशत, एसएसवी इंटर कालेज, सुरेश शर्मा नगर | 326 अंजुम 87.5 प्रतिशत सरदार पटेल इंटर कालेज, अहरोला





रिजल्ट आने के बाद जश्न मनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### गुलशन यादव की कामयाबी से हर कोई खुश

**बरेली, अमृत विचार :** हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज की छात्रा गुलशन यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और जिले की मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। गुलशन यादव ने बताया कि उन्होंने अपने लक्ष्य पर लगातार फोकस बनाए रखा। स्कूल में पढ़ाए गए विषयों को घर पर जरूर पढ़ती थी। नियमित रिवीजन के साथ उन्होंने कठिन विषयों को समझने के लिए शिक्षकों से मार्गदर्शन लिया। जिससे उनकी तैयारी मजबूत होती गई। गुलशन का मानना है कि सफलता के लिए निरंतर अभ्यास और धैर्य बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई में जल्दबाजी की बजाय विषय को समझकर पढ़ना अधिक लाभदायक होता है। गुलशन अपनी इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को देती हैं। उनका कहना है कि सकारात्मक माहौल और प्रोत्साहन से पढ़ाई में निरंतरता बनी रहती है। भविष्य को लेकर गुलशन यादव का लक्ष्य डॉ. बनना है।



### समय प्रबंधन से शिवानी ने अपनी राह बनाई आसान

**बरेली, अमृत विचार :** हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज की छात्रा शिवानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और जिले की मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। शिवानी ने बताया कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी के दौरान एक टाइम टेबल तैयार किया और उसका नियमित पालन किया। पढ़ाई को आसान बनाने के लिए उन्होंने विषयों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समझने पर जोर दिया, जिससे कठिन टॉपिक्स भी सहज हो गए। उन्होंने नियमित रूप से मॉक टेस्ट दिए और रिवीजन पर विशेष ध्यान दिया। जिससे आत्मविश्वास मजबूत बना रहा। शिवानी का मानना है कि अधिक पढ़ना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि सही दिशा में निरंतर अध्ययन करना जरूरी है।



### रश्मि ने टाइम टेबल बनाकर की पढ़ाई, मिली सफलता

**बरेली, अमृत विचार :** सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज की छात्रा रश्मि ने हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ जिले में टॉप किया। बल्कि प्रदेश की मेरिट सूची में छठवां स्थान हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। विज्ञान वर्ग से अध्ययन करने वाली रश्मि ने स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन के साथ निरंतर मेहनत से उपलब्धि को हासिल किया। रश्मि ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही पढ़ाई को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया। सभी विषयों के लिए अलग-अलग समय निर्धारित करते हुए टाइम टेबल बनाया। उसी के अनुसार नियमित अध्ययन किया। रोजाना तय समय पर पढ़ाई, रिवीजन और विषयों की गहराई से समझ विकसित करना जरूरी है।



### रजनी सिंह ने एक्स्ट्रा क्लास लेकर पाई सफलता

**बरेली, अमृत विचार :** सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज की छात्रा रजनी सिंह ने हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और जिले की मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया है। रजनी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 96.50 प्रतिशत अंक हासिल किए। सीमित संसाधनों के बीच पढ़ाई करने वाली रजनी ने साफ किया कि मजबूत इरादे और अनुशासन के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। रजनी यादव ने बताया कि स्कूल के बाद घर पर रहकर नियमित पढ़ाई की। स्कूल में लगने वाली अतिरिक्त कक्षाओं को भी उन्होंने कभी मिस नहीं किया। उन्होंने सभी विषयों के लिए विशेष रूप से ध्यान दिया। खास कर उन टॉपिक्स पर अधिक ध्यान दिया।



### कम संसाधनों से ही इकरा ने रचा इतिहास

**बरेली, अमृत विचार :** जनकपुरी स्थित लायंस रोहिल्ला इंटर कॉलेज की छात्रा इकरा ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मेहनत के दम पर हाईस्कूल परीक्षा में 600 में से 573 अंक हासिल कर जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। कोहाड़ापीर की रहने वाली इकरा ने बताया कि वह रोजाना 3-4 घंटे नियमित पढ़ाई करती थीं और बेहतर तैयारी के लिए कोचिंग के साथ स्कूल शिक्षकों के नोट्स का सहारा लिया। उनके पिता इलयास ट्रक मैकेनिक हैं।



### दक्ष गंगवार बने स्कूल टॉपर

**बरेली, अमृत विचार :** जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र दक्ष गंगवार ने हाईस्कूल परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 10वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने 600 में से 564 अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। अर्शना रेजीडेंसी निवासी दक्ष ने बताया कि गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों की तैयारी के लिए कोचिंग के साथ यूट्यूब का भी सहारा लिया। पिता जगदीश शरण गंगवार निजी स्कूल संचालक हैं। मां मिथलेश कुमारी शिक्षिका हैं।



### सिरौली के रहने वाले प्रशांत इंटरमीडिएट टॉपर सूची में शामिल



सिरौली, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद के इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में सिरौली आंवला के गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज के छात्र प्रशांत ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया। बल्कि जिले की मेरिट सूची में पांचवां स्थान हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रशांत की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रशांत ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर अभ्यास से ही यह सफलता संभव हो पाई है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने प्रशांत की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

### साहू गोपी नाथ कन्या इण्टर कॉलेज में भी मनाया जश्न

बरेली, अमृत विचार : हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यालय साहू गोपी नाथ कन्या इण्टर कॉलेज में इंटरमीडिएट की तीन छात्राओं ने टाप 3 में जगह बनाई है। विज्ञान वर्ग की शिल्पी सिंह 82 प्रतिशत, सुमैया 79.4, मुस्कान 79.2 ने अंक प्राप्त किये और कला वर्ग की तीन छात्राओं ने टाप 3 काव्या उपाध्याय 85 प्रतिशत, अंशिका 80.6 प्रतिशत, सिदरा कुरैशी 78.8 प्रतिशत रही। सभी छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. गुड्डी पाल द्वारा फूल माला पहनाकर व मिष्ठान खिला कर सम्मानित किया गया।







### जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज में मना जश्न

बरेली, अमृत विचार : जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज नकटिया का 10वीं का रिजल्ट 100% तथा 12वीं का 99% प्रतिशत रहा। कक्षा 10 में शबे नूर ने 86.16% अंकों के साथ स्कूल टॉप किया। इरम ने 82.16% और आलिया ने 81.6% अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 में शब्बो ने 78.6%, फिजा ने 75.6% और अनमता ने 75.6% अंक हासिल किए। स्कूल प्रबंधक इकबाल, मैनेजिंग डायरेक्टर काशिफ रजा, प्रधानाचार्य जैनब, शिक्षक जितेंद्र, आदित्य, सोनी, मिस्बा, हिना, शिवांगी वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को बधाई दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### इस्लामिया की छात्रा सुमय्या और हिबा ने किया कॉलेज टॉप

**बरेली, अमृत विचार :** इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट की सुमय्या ने 95 प्रतिशत और हाईस्कूल में हिबा ने 92 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज टॉप किया। वहीं, दिव्यांग छात्रा वैष्णवी ने 80 प्रतिशत अंक लाकर साहस की नई मिसाल पेश की। कॉलेज का इंटरमीडिएट परिणाम 95 प्रतिशत और हाईस्कूल का 92 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्या चमन जहां और प्रबंधक काजी अलीमुद्दीन ने सफल छात्राओं व शिक्षकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### जरी कारीगर की बेटी ने जिले में पाया छठवां स्थान

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार फिर से बेटियों ने परचम लहराया है। सीबीगंज क्षेत्र में एक जरी कारीगर की बेटी ने जिले में छठा स्थान पाया है। जिससे उसके कॉलेज और गांव के साथ परिवार में खुशी का महौल है। छठा स्थान पाने वाली छात्रा ने बताया कि आगे चलकर वह नीट की तैयारी करना चाह रही है। सीबीगंज क्षेत्र के मथुरापुर गांव निवासी जरी कारीगर मो. असलम की बेटी आफरीन अदीबा बंडिया गांव में स्थित रिजवान हुसैन कादरी इंटर कॉलेज की छात्रा है। वह तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी है। गुरुवार को जारी हुए रिजल्ट में उसने इंटर में जिले में छठा स्थान हासिल करके 500 में से 465 अंक के साथ 93 प्रतिशत हासिल की है। अदीबा ने बताया कि वह आगे चलकर नीट की तैयारी करना चाह रही है। छात्रा को जिले में छठा स्थान मिलने पर कॉलेज के प्रबंधक रिजवान हुसैन सैफी, प्रधानाचार्य इरफान हुसैन सैफी, अध्यापक तसलीम खान, मोतीचंद, मो. राशिद, साजिद हुसैन, तौहीद हुसैन, बिसारत अली, रामप्रिय ने बधाई देकर खुशी मनाई।





### द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज की टापर बनी फिजा

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज में इस बार इंटर की परीक्षा में 181 छात्राए पंजीकृत थी। जिसमें 178 छात्राए शामिल हुई। जिसमें 139 छात्राए प्रथम, 37 छात्राए सेकेंड और 2 छात्राए तृतीय श्रेणी से पास हुई। जिससे कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। फिजा 82.5 प्रतिशत के साथ कॉलेज में पहला स्थान, कनम आर्य को 81.2 प्रतिशत के साथ दूसरा और झील सक्सेना 80 प्रतिशत के साथ तीसरे, भावना भारद्वाज 79.4 प्रतिशत के साथ चौथे और खदिजा फातिमा 78.6 प्रतिशत के साथ कॉलेज में पांचवे स्थान पर रही। इसके अलावा हाईस्कूल में 262 छात्राओं में 258 छात्राओं ने परीक्षा दी। जिसमें 254 छात्राए पास हुई।

## बेटियों ने फिर करके दिखाया कमाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में इस बार बरेली की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। टॉपर्स सूची से लेकर कुल उत्तीर्ण प्रतिशत तक, छात्राओं ने हर स्तर पर बढ़त बनाकर यह साबित कर दिया कि वे अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। शहर से लेकर देहात तक छात्राओं की सफलता की गूंज सुनाई दी। बरेली की बेटियों ने इंटरमीडिएट में प्रदेश में टॉप दो में जगह बनाई। इंटरमीडिएट में बरेली के सर्वोदय जन कल्याण स्कूल की 5 छात्राओं ने प्रदेश सूची में जगह बनाई। वहीं हाईस्कूल में पांच बेटियों ने प्रदेश की सूची में जगह बनाई। कई बेटियों ने विपरीत परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया।

● **मेहनत और अनुशासन से टॉपर्स सूची में छाईं छात्राएं**

कुछ ने पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ पढ़ाई का संतुलन बनाया। तो कुछ ने आर्थिक चुनौतियों के बीच अपनी तैयारी जारी रखी। इस बार खास बात यह रही कि विज्ञान, वाणिज्य और कला तीनों ही वर्गों में छात्राओं का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। कई विद्यालयों में टॉप-10 सूची में अधिकांश स्थान छात्राओं के नाम रहे।

जिससे उनकी तैयारी और समर्पण का स्तर साफ नजर आया। शिक्षकों और शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह सफलता समाज में बढ़ती जागरूकता और बेटियों की शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच का परिणाम है।

## 12वीं का 81 % तो 10वीं का 88 प्रतिशत रहा परिणाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पिछले साल की तुलना इस बार जिले का रिजल्ट पहले से बेहतर रहा है। जिसमें इंटर में 81 और हाईस्कूल का 88 प्रतिशत छात्र पास हुए है। जिले में इस बार 95 हजार से अधिक छात्रों ने इंटर और हाईस्कूल की परीक्षा पास की है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अजीत कुमार ने बताया कि 2026 में इंटर और हाईस्कूल की परीक्षा 18 फरवरी से शुरु होकर 12 मार्च तक चली थी। जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 4 अप्रैल तक चला था। जिले में केन्द्रीय कारागार सहित 130 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें हाईस्कूल में कुल 50641 छाद्ध पंजीकृत थे। जिसमें से 47715 ने परीक्षा दी, जिसमें 42166 छात्र पास हुए। जिले में हाईस्कूल का परीक्षाफल 88. 27 प्रतिशत रहा। जबकि 2025 में हाईस्कूल का परीक्षाफल 87. 31 रहा था। इसके अलावा इंटर की परीक्षा के लिए जिले में इस बार 45062 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 43575 छात्र शामिल हुए। जिसमें से कुल 35715 छात्र पास हुए हैं।

● **पिछले साल की तुलना में इस बार परीक्षाफल का प्रतिशत बढ़ा**

● **इंटर और हाईस्कूल में 90 हजार से अधिक छात्र हुए थे शामिल**

### हाईस्कूल परीक्षा के जिला टॉपर

हाईस्कूल की परीक्षा में यूपी टेन में जनपद के सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज खेड़ा आंवला की रश्मि प्रदेश में 6 नंबर पर रही। रजनी और शिवानी 8 वे पर रही। जबकि 10 वे स्थान पर वैष्णवी गुप्ता रही। जबकि जनपद में टॉप टेन में जन कल्याण इंटर कॉलेज खेड़ा आंवला, लाइंस रोहिला इंटर कॉलेज, श्री लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नवाबगंज, सरस्वती विद्या मंदिर केसरपुर, शकुनतला देवी अग्रवाल विद्या मंदिर हाईस्कूल फतेहगंज पूर्वी, स्पाइस सीनियर सेकेंडरी स्कूल नवाबगंज, जय नारायण सरस्वती इंटर कॉलेज, एसएसटी इंटर कॉलेज नवाबगंज की छात्र छात्राए रही।

### इंटर में जिन्होंने किया बरेली टॉप

इंटर की परीक्षा में यूपी टॉप टेन में जिले का सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज खेड़ा आंवला की नंदिनी गुप्ता प्रदेश में दूसरे स्थान पर रही। जबकि सुरभि यादव तीसरे और खुशी मौर्य और सिमरन मौर्य 6 स्थान पर रही। जबकि चमन जहां 7 वे स्थान पर रही। इसके अलावा इंटर की परीक्षा में टॉप टेन में सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज खेड़ा आंवला, गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज शिवपुरी आंवला, रिजवान हुसैन कादरी इंटर कॉलेज बंडिया सीबीगंज, संजय पब्लिक इटर कॉलेज मुझैना संतोष नवाबगंज, राम कुमार मिश्रा मेमोरियल इंटर कॉलेज फरीदपुर, लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नवाबगंज, शांति अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर रामपुर गार्डन के छात्र छात्राए शामिल है।

न्यूज ब्रीफ

## सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी का बीडीए पर उत्पीड़न का आरोप

बरेली, अमृत विचार : सेवानिवृत्त नायब सूबेदार कौशल शर्मा ने बीडीए पर भेदभावपूर्ण और अवैध ध्वस्तीकरण का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। सुभाषनगर निवासी कौशल शर्मा का कहना है कि उन्होंने लाल फाटक के पास वैध तरीके से जमीन खरीदकर निर्माण शुरू कराया था, जिसे बीडीए ने बिना किसी पूर्व नोटिस के दो बार ध्वस्त कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अन्य निर्माणों को छोड़ केवल उनके भवन को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने बीडीए सुपरवाइजर पर अभद्र व्यवहार और आर्थिक लेन-देन की मांग के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने सचिव, बीडीए को निष्पक्ष जांच कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

## माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए 14 मई तक करें आवेदन

बरेली, अमृत विचार : माटीकला के कारीगरों को आधुनिक उद्यम से जोड़ने के लिए जिला ग्रामोद्योग विभाग ने 15 दिवसीय नि :शुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की घोषणा की है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि माटीकला कौशल विकास योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को शाहजहांपुर स्थित मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र में शिल्पकारी का गुर सिखाया जाएगा। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थी की आयु कम से कम 18 वर्ष और साक्षर होना अनिवार्य है। इच्छुक शहरी व ग्रामीण शिल्पकार 14 मई तक आधिकारिक वेबसाइट upmatikalaboard.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए रामपुर बाग स्थित कार्यालय या 0581-2567395 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जनगणना-2027: इस बार बुजुर्गों के मुखिया होने की अनिवार्यता खत्म, परिवार की सहमति होगी जरूरी

# रसोई तय करेगी कितने घरवार, दो पत्नियों पर गिने जाएंगे दो परिवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 22 मई से शुरू होगा महाअभियान, पहले चरण में 33 मानकों पर होगी घरों की लिस्टिंग
- मोबाइल एप से तय होगी घर की भौगोलिक लोकेशन, हर मकान को मिलेगी यूनिक आईडी

अमृत विचार: 22 मई से शुरू होने जा रही जनगणना की गाइडलाइन के अनुसार, परिवारों की संख्या का निर्धारण घर में जलने वाले चूल्हों से होगा। एक ही छत के नीचे कई लोग रहते हैं और उनकी रसोई अलग-अलग है, तो उन्हें अलग परिवार माना जाएगा। इसके साथ हर घर को यूनिक नंबर मिलेगा।

एक बड़ा बदलाव यह भी है कि किसी व्यक्ति की दो पत्नियां हैं और वे अलग-अलग रहती हैं, तो उन्हें दो परिवार माना जाएगा। इसके उलट, यदि किसी महिला के दो पति हैं, तो एक ही परिवार की श्रेणी में रखा जाएगा।

जिला जनगणना अधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि नई गाइडलाइन के अनुसार अब परिवार का मुखिया चुनने केतरीके बदले गए हैं। यह बिल्कुल अनिवार्य नहीं होगा कि घर के सबसे बुजुर्ग पुरुष को ही मुखिया माना जाए। परिवार की सहमति से किसी भी सदस्य, यहां तक कि महिला को भी मुखिया बनाया जा सकता है। जनगणना टीम घर के सदस्यों की ओर से बताए गए नाम को ही मुखिया के तौर पर दर्ज करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार तकनीकी रूप से जनगणना को सटीक बनाने के लिए ''डिजी डॉट'' मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा। प्रगणक एप के माध्यम से उस स्थान की भौगोलिक स्थिति को लॉक करेंगे। जनगणना दो चरणों में होगी। 22 मई से 20 जून 2026 तक पहला चरण मुख्य रूप से हाउस लिस्टिंग पर केंद्रित है। इसमें आवास की स्थिति और घरेलू संपत्तियों का ब्यौरा लिया जाएगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 से शुरू होगा। जिसमें व्यक्तिगत जनगणना में बेघर लोगों को भी शामिल किया जाएगा।

### गांवों के मजरों को ब्लाक और शहर में अपार्टमेंट तय किए जाएंगे

जिला प्रशासन को भेजी गई गाइड लाइन में कहा गया है कि इस बार की जनगणना तकनीकी रूप से अधिक सटीक होगी। गांवों के मजरों को ब्लाक के रूप में बांटा जा रहा है, वहीं शहर में अपार्टमेंट को यूनिट स्तर पर तय किए जा रहे हैं। लगभग 800 घरों पर एक गणना ब्लाक कटेगा। इसी तरह तीन से चार अपार्टमेंट को एक यूनिट निर्धारित किया गया है।

### ऑनलाइन पोर्टल से कर सकते हैं स्वगणना

डिजिटल रूप में होने जा रही जनगणना में आनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वगणना कर सकते हैं। यह प्रक्रिया भी दो चरणों में होगी, जिसमें जाति-आधारित गणना शामिल है। इस डेटा से पता चलेगा कि कहां-किसकी जरूरत है, किसे मदद चाहिए। डेटा इकट्ठा करने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करते हुए इसमें पूरी आबादी को शामिल किया जाएगा।

नई सोच, नए सरोकार

## छात्रों ने समाचार पत्र पढ़ने और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




बरेली: जिंगल बेल्स स्कूल में गुरुवार को अमृत विचार की टीम पहुंची। छात्रों ने समाचार पत्र पढ़ने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के प्रबंधक डा. अंकित बग्गा ने बताया कि अखबार पढ़ने से न केवल भाषा में सुधार होता है, बल्कि देश-विदेश की जानकारी भी मिलती है। अमृत विचार की टीम ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपने आसपास की घटनाओं पर ध्यान देकर स्वयं भी छोटे- छोटे समाचार लिखने का प्रयास करें। इस दौरान पृथ्वी दिवस के मौके पर पौधरोपण किया गया। रुना अग्रवाल, नेहा मेहरा, रीना गंगवार का विशेष सहयोग रहा। छात्र-छात्राओं में उत्कर्ष पांडे, आरव खुराना, अनिरुद्ध वार्ष्णेय, सानिध्य शर्मा, स्तुति कुमारी, अनिका पांडे, पलक जावरानी, पावनी गंगवार, पीहू सक्सेना, माही सिंह मौजूद रही।



स्कूल में इस तरह के जागरुकता कार्यक्रम कराने के लिए अमृत विचार की टीम बधाई की पात्र है। छात्रों से अपील है कि वे समाचार पत्र को पढ़ने के लिए अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। वहीं पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दें। – आभा सिंह, प्रधानाचार्य

अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com

# अनुपस्थित कर्मियों पर कराएं रिपोर्ट

### डीएम पहुंचे प्रशिक्षण कार्यशाला में, जनगणना प्रगणकों से जानी प्रशिक्षण की गुणवत्ता

- जीआईसी और मौलाना आजाद इंटर कॉलेज पहुंचे डीएम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं गणना) को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने गुरुवार को मौलाना आजाद इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर प्रगणकों व सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण कक्ष में बैठकर मास्टर ट्रेनर्स की ओर से दी जा रही जानकारी की गुणवत्ता को भी परखा।



जीआईसी में जनगणना प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण करते डीएम अविनाश सिंह।

उन्होंने अपर नगर आयुक्त शशि भूषण सिंह को निर्देश दिए कि जो भी कार्मिक बिना किसी ठोस कारण के अनुपस्थित पाए जाते हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी कर्मियों को समय-सारिणी की सूचना फोन के माध्यम से पहले ही दे दी जाए, ताकि शत-प्रतिशत उपस्थिति हो सके। जनगणना राष्ट्र सेवा का एक अति महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। डीएम ने प्रशिक्षण केंद्र पर उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता को जांचा। लंच में परोसी गई दाल मखनी, मटर पनीर, कचौड़ी और रसगुल्ले की व्यवस्था पर उन्होंने संतोष जताया। शौचालयों की साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार प्रत्येक कर्मी को प्रशिक्षण के दौरान 400 रुपये प्रतिदिन और जनगणना कार्य के लिए कुल 25 हजार रुपये मानदेय प्रदान करेगी। एडीएम वित्त एवं राजस्व/ जिला जनगणना अधिकारी संतोष कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बरेली कॉलेज के प्राचार्य कार्यालय की फॉल्स सीलिंग गिरी

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज प्राचार्य कार्यालय में गुरुवार को अचानक फॉल्स सीलिंग का एक हिस्सा गिर गया जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय प्राचार्य प्रो. ओपी राय सहित कई शिक्षक कार्यालय में थे। सभी ने तुरंत सुरक्षित स्थान की ओर हटकर स्थिति से खुद को बचाया। घटना के बाद कार्यालय का कार्य कुछ समय के लिए बाधित रहा।

# मेयर ने पुलिया का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: बीसलपुर चौराहा स्थित पुलिया का गुरुवार को महापौर डॉ. उमेश गौतम ने लोकार्पण किया।

मेयर ने कहा कि पुलिया के बनने से शहर के नौ वार्ड-सहसबानी टोला, आकाश पुरम, रोहिली टोला, चक महमूद, नई बस्ती और एजाज नगर आदि की जनता को बड़ी राहत मिली है। पार्षद पूनम राठौर ने कहा कि पहले बिना बारिश के भी गलियों में पानी भरा रहता था और नगर निगम को रात- रातभर सुपर सॉकर मशीनें लगानी पड़ती थीं। भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता भगत सिंह, जेई अंकित, विष्णु शर्मा, उपाध्यक्ष प्रभु दयाल लोधी, राजकिशोर कश्यप, जयदीप चौधरी, सर्वेश रस्तोगी, शालिनी जोहरी, छंगामल मौर्य, रितिक किशोर, संतोष कश्यप, राजेश पटेल, अजय रत्नाकर, राम बहादुर, सरिता कश्यप, राकेश कश्यप, पूनम गंगवार सहित बड़ी संख्या में पार्षद और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।



पुलिया का उद्घाटन करते मेयर डॉ. उमेश गौतम, साथ में पार्षद। • अमृत विचार

# नगर निगम के लाल निशान से व्यापारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भड़के व्यापारियों ने नगर आयुक्त को दिए ज्ञापन में दहशत फैलाने का लगाया आरोप
- गाटा संख्या 481 पर न्यायालय के आदेशों का दिया हवाला, लाल निशान बताए अवैध

अमृत विचार: नगर निगम की ओर से कोहाड़ापीर से नैनीताल रोड पर गाटा संख्या 481 पर लगाए लाल निशानों ने प्रशासन और व्यापारियों के बीच टकराव की स्थिति पैदा कर दी है। उमेश गुप्ता की संपत्ति को अतिक्रमण की जद में बताने की कोशिश को रुहेलखंड उद्योग व्यापार मंडल ने सिरे से खारिज कर दिया है। गुरुवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा।



नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन देते व्यापारी। • अमृत विचार

प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मेहरोत्रा ने बताया पीडब्ल्यूडी ने 27 सितंबर 2019 को ही अपने पत्र में स्पष्ट कर दिया था कि यह निर्माण पक्की सड़क के मध्य से 12.50 मीटर की सुरक्षित दूरी पर है। तहसील प्रशासन की पूर्व की जांच रिपोर्ट में भी यह भूमि किसी चकरोड, तालाब या नाले की श्रेणी में नहीं पाई गई है, फिर नगर निगम किस आधार पर इसे अवैध घोषित कर रहा है। व्यापारियों ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि यह संपत्ति स्वयं बीडीए की ओर से बेची गई थी, तो अब इसे अतिक्रमण कैसे माना जा सकता है।

व्यापार मंडल ने कहा कि सिविल कोर्ट ने 1998 में ही इसके ध्वस्तीकरण पर स्थायी रोक लगा दी थी और बाद में हाईकोर्ट ने भी आदेश दिया था कि विधिक प्रक्रिया के बिना कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। बावजूद 10 अप्रैल को लाल निशान लगाकर दहशत का माहौल बनाने की कोशिश की गई। जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र सक्सेना और शहर अध्यक्ष मनोज कपूर ने चेतावनी दी कि व्यापारियों का सब्र जवाब दे रहा है। नगर निगम पीडब्ल्यूडी के मानकों और न्यायालय के आदेशों का अध्ययन करे। साथ ही यह भी जांच की जाए कि बीडीए की ओर से बेची गई इस संपत्ति को किन आधारों पर अतिक्रमण की श्रेणी में रखकर लाल निशान लगाए गए हैं। बिना जांच और विधिक प्रक्रिया के किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की गई, तो व्यापार मंडल उग्र आंदोलन करेगा।

## गैस एजेंसियों पर टेंट और ठंडे पानी के निर्देश

बरेली, अमृत विचार: जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार ने गुरुवार को नवाबगंज स्थित केहरी इण्डेन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। भीषण गर्मी को देखते हुए उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एजेंसी संचालक को परिसर में टेंट लगाने और ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था करने को कहा गया।

इसी क्रम में जनपद की सभी गैस एजेंसियों को आदेश जारी किए गए हैं कि वे उपभोक्ताओं के लिए छाया व पेयजल का प्रबंध करें। साथ ही, ई-केवाईसी कार्य के लिए अलग काउंटर बनाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि भीड़ नियंत्रित रहे और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सिटी डायरी

### एक वर्ष पूर्ण होने पर डीएम को अधिकारियों ने दी बधाई



बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट में अधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने कहा कि डीएम अविनाश सिंह के नेतृत्व में बीते एक वर्ष में विकास, पारदर्शिता और कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार दर्ज किया गया है। सीएम डैशबोर्ड पर जनपद के शानदार प्रदर्शन के साथ ही नाथ कॉरिडोर के विकास, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान, पीएम आवास योजना और पीएम सूर्य घर योजना जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं में बरेली अग्रणी रहा है। डीएम ने भी पूरी प्रशासनिक टीम और जनपद वासियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विकास की गति को निरंतर बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

### कमिश्नरी परिसर में पहलगाम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



बरेली, अमृत विचार : जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को कमिश्नरी परिसर में पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि पाकिस्तान की कायरतापूर्ण हरकतों का जवाब सख्ती से दिया जाना चाहिए था। कांग्रेस प्रवक्ता केबी त्रिपाठी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश के पास निर्णायक कार्रवाई का मौका था, जिसे गंवा दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री इंद्रिया गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ही पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए थे। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने पहलगाम की घटना को दर्दनाक बताया। तीरथ मधुकर, विनोद कुमार, प्रवीण मिश्रा, मनोज शर्मा, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, एडवोकेट पूनम दीप सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विश्व पुस्तक-कॉपीराइट दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम



बरेली, अमृत विचार : महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. महेश सिंह ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान अर्जन के साथ व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला हैं और विद्यार्थियों को पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कॉपीराइट नियमों के पालन पर भी जोर दिया। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र ने ई-संसाधनों, ई-जर्नल्स और डिजिटल लाइब्रेरी के उपयोग की जानकारी दी। डॉ. विनीता जैन ने कॉपीराइट अधिनियम, उचित संदर्भ देने और प्लेगरिज्म से बचने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। पुस्तक प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों की महत्वपूर्ण पुस्तकें और शोध सामग्री प्रदर्शित की गईं।

### श्रीनाथ नगरी सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर



बरेली, अमृत विचार : श्रीनाथ नगरी सेवा समिति की ओर से गुरुवार को आईएमए ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 यूनिट रक्त दान किया। प्रदेश अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताया, वहीं उपाध्यक्ष बंटी ठाकुर ने रक्तदान महादान का संदेश देते हुए लोगों को इसके महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम संयोजक शोभित अग्रवाल ने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए युवाओं से नियमित रक्तदान की अपील की। डॉ. अंजू उप्पल ने समिति के सेवा भाव की सराहना करते हुए पदाधिकारियों को सम्मानित किया। संस्थापक सोनू, श्रवण गुप्ता, सुधीर कुमार सिंह, सतीश चंद्र वर्मा, पंडित केसरी नंदन, जसप्रीत कोहली, राहुल उप्पल, सोनू सैनी, दिवाकर शर्मा, रोहित रोहिल्ला, दीपक अग्रवाल, अंकुश रस्तोगी, विशाल चंद्रा, नवीन कौशल, प्रदीप गुर्जर, रजत, कन्हैया गुप्ता, दीपक गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने रक्तदान किया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में नवागंतुक प्रधानाचार्य का हुआ स्वागत



बरेली, अमृत विचार : सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल रोड में नवागत प्रधानाचार्य संजीव कुमार पाण्डेय का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यथार्थ गीता दिव्य ज्ञान ट्रस्ट के संस्थापक पार्षद पंडित हरिओम गौतम नेकहा कि शिक्षक पृथ्वी पर परिवार, समाज और राष्ट्र के सबसे बड़े हितैषी होते हैं। सचिव मोहित गुप्ता ने प्रधानाचार्य का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। पूर्व प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

# शराब की दुकान का विरोध, पार्षदों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन-नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- संजय नगर की दुकान को लक्ष्मी नगर में शिफ्ट करने पर उठाया सवाल
- पार्षदों ने आबकारी निरीक्षक के खिलाफ खोला मोर्चा, कार्रवाई की मांग

अमृत विचार: लक्ष्मी नगर कॉलोनी में अवैध शराब की दुकान को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को पार्षद सीता पटेल के नेतृत्व में पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की। कहा कि संजय नगर की दुकान को अवैध रूप से लक्ष्मी नगर में शिफ्ट कर दिया गया। लगातार विरोध के बाद भी प्रशासन चुप्पी साधे है।



शराब की दुकान के विरोध में डीएम कार्यालय के बाहर खड़े पार्षद।

पार्षदों ने बताया कि 29 जुलाई को सांसद छत्रपाल सिंह के आवास परसमझौता हुआ था। लिखित आश्वासन दिया गया था एक अप्रैल तक दुकान स्थानांतरित कर दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पार्षदों ने जिला आबकारी अधिकारी और क्षेत्रीय निरीक्षक पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। कहा कि विभागीय अफसरों की शह पर ही यह दुकान स्कूल और मंदिर जैसे संवेदनशील स्थानों के पास संचालित हो रही है। चेतावनी दी कि दुकान को बंद नहीं किया गया, तो बड़ा जन-आंदोलन किया जाएगा।

डीएम से लेकर मंत्रियों तक शिकायत के बावजूद अब तक केवल आश्वासनों का झुनझुना पकड़ाया गया है। इस दौरान पार्षद छंगामौर्य, हरिओम कश्यप, राम बहादुर, तारा देवी, सरिता कश्यप, आशा देवी, चंद्रपाल राठौर, बबली पटेल सहित कई पार्षद मौजूद रहे।

# सहूलियत: ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों में बर्थ उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गर्मियों की छुट्टियों में यात्रा करने की योजना बना रहे बरेली और आसपास के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। पूर्वोत्तर रेलवे की तरफ से चलाई जा रही ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों में अभी भी विभिन्न श्रेणियों में पर्याप्त बर्थ-सीट उपलब्ध है। जिससे यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने में सुविधा हो सकती है।

रेलवे प्रशासन के अनुसार, लालकुआं, गोरखपुर, छपरा, गाजीपुर सिटी और गोमतीनगर जैसे प्रमुख स्टेशनों से चलने वाली कई विशेष ट्रेनों में अप्रैल माह के अंत तक सीटें खाली हैं। बरेली के यात्रियों के लिए खासतौर पर लालकुआं रूट की ट्रेनों में उपलब्धता राहत देने वाली है। 30 अप्रैल को चलने वाली लालकुआं-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन में एसी द्वितीय श्रेणी और एसी तृतीय इकोनॉमी में अच्छी संख्या में बर्थ उपलब्ध हैं। इसी तरह, 24 और 25 अप्रैल को गोरखपुर-लालकुआं और लालकुआं-गोरखपुर ट्रेनों में भी विभिन्न एसी श्रेणियों में पर्याप्त सीटें खाली हैं, जिससे बरेली के यात्रियों को कनेक्टिविटी का लाभ मिल सकता है। इसके अलावा, गोरखपुर से दिल्ली, नई दिल्ली, ऋषिकेश और अलीपुर द्वार के लिए चलने वाली विशेष ट्रेनों में भी बड़ी संख्या में बर्थ उपलब्ध हैं। खासकर गोरखपुर-दिल्ली और गोरखपुर-नई दिल्ली ट्रेनों में एसी तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में सैकड़ों सीटें खाली हैं। छपरा-कोलकाता, छपरा-पठानकोट और गाजीपुर सिटी से हुब्बल्ली जाने वाली ट्रेनों में भी एसी और स्लीपर श्रेणी में सीटें उपलब्ध हैं, जो लंबी दूरी के यात्रियों के लिए विकल्प प्रदान करती हैं।

आवश्यकता है
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

# संजीवनी है सीपीआर, लेकिन बरतें सावधानी

बरेली, अमृत विचार: सिविल डिफेंस के अलखनाथ डिवीजन द्वारा चलाए जा रहे सीपीआर जागरुकता सप्ताह के तीसरे दिन रानी लक्ष्मी बाई विद्यालय में विशेष प्रशिक्षण शिविर हुआ। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक पंकज कुदेशिया ने आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने से अवगत कराया।



प्रशिक्षण शिविर में छात्रों को सीपीआर देना सिखाते विशेषज्ञ। • अमृत विचार

कहा कि व्यक्ति की सांस रुक जाए और उसे समय पर प्राथमिक उपचार न मिले, तो ब्रेन डेड होने की आशंका बढ़ जाती है, जिसके बाद जान बचाना लगभग असंभव होता है। आरुष सक्सेना सहित सभी विद्यार्थियों ने डमी के माध्यम से हृदय को पंप करने और कृत्रिम सांस देने की तकनीक को समझा। डिवीजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल ने कहा इस प्रक्रिया का अभ्यास कभी भी किसी जीवित या स्वस्थ व्यक्ति पर नहीं करना चाहिए। उपनियंत्रक राकेश मिश्र, आईसीओ नीतू द्विवेदी, पोस्ट वार्डन साबिर हसन, आशीष प्रधान, पवन कालरा, सर्वेश मौर्य आदि मौजूद रहे।